# Scholar's Sphere

Magazine By
PM SHRI JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA, LAWAN
BALODA BAZAR




## ANNUAL MAGAZINE
## (2025-26)

ACHIEVEMENTS | ARTS & CULTURE |
ACADEMICS | SPORTS | EVENTS

# Glimpses of School Campus

















# About the School

*Jawahar Navodaya Vidyalaya, Baloda Bazar is a premier residential educational institution established in 2017 with the objective of providing quality modern education to talented children, especially from rural backgrounds. Located at Lawan village in Baloda Bazar district of Chhattisgarh, the school functions under the Navodaya Vidyalaya Samiti, an autonomous organization under the Ministry of Education, Government of India.*

*The Vidyalaya is affiliated with the Central Board of Secondary Education (CBSE) and provides education from Classes VI to XII. As a co-educational residential institution, it promotes academic excellence along with character building, leadership skills, and national integration. The school environment encourages discipline, creativity, and holistic personality development among students.*

*Spread across a spacious and green campus, the Vidyalaya offers a peaceful academic atmosphere supported by well-equipped classrooms, science laboratories, computer facilities, smart classrooms, and a well-stocked library. Facilities for sports, cultural activities, music, dance, and physical education play an important role in nurturing students' overall growth.*

*Separate hostel facilities for boys and girls ensure a safe, structured, and disciplined residential life. Digital infrastructure within the campus enhances teaching-learning practices and administrative efficiency.*

*Under the Migration Scheme of Jawahar Navodaya Vidyalayas, students are provided opportunities for cultural exchange and national integration. Jawahar Navodaya Vidyalaya, Baloda Bazar is migration linked with Jawahar Navodaya Vidyalaya Vokkaleri, located at Vokkaleri, Gangapura Gate, District Kolar, Karnataka. This programme enables students to experience diverse languages, traditions, and cultural values, strengthening unity in diversity.*

*As part of the nationwide Jawahar Navodaya Vidyalaya system, the institution continues to nurture young minds through value-based education, discipline, and academic excellence. Today, Jawahar Navodaya Vidyalaya, Baloda Bazar stands as a centre of learning committed to shaping responsible citizens and future leaders of the nation.*

# TABLE OF CONTENTS


05 Principal's Message

06-08 PM Shri Activities

09-13 Activities beyond the classroom

14-21 Student's Writeup

22 Quiz

23-32 Canvas Chronicles

33-34 Games

# From the Principal's Desk



*It is a genuine pleasure to welcome you to this edition of Scholars' Sphere. As I walk through the corridors of JNV Baloda Bazar, I am constantly reminded that our school is much more than just a place of study—it is a community of young thinkers, artists, and dreamers.*

*This magazine is a celebration of that spirit. What makes these pages special is that they belong entirely to our students. We have taken great care to ensure that their original thoughts and unique ways of expression remain untouched. Whether it is a simple poem or a deep reflection, you are reading their true voices, captured at this moment in their lives.*

*I want to thank the editorial team and our dedicated staff for their hard work in putting this collection together. It takes a lot of heart to transform a stack of student submissions into a beautiful publication like this.*

*To our students: Thank you for sharing your creativity with us. Your words and your art are the heartbeat of this school. I hope that as you flip through these pages, you feel the same sense of pride that I do in being part of the JNV Baloda Bazar family.*

*Happy reading.*

*SMT. B. GIRIJA*
*Principal,*
*JNV Baloda Bazar*

# PM SHRI ACTIVITY : BAGLESS DAY

दिनांक 14/11/2025 को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन बलौदा बाजार में Bag Less Day के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर की दीवारों पर सुंदर एवं संदेशात्मक चित्र बनाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करना, कला के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विद्यालय वातावरण को आकर्षक बनाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य महोदय के मार्गदर्शन एवं कला शिक्षक के निर्देशन में हुई। विद्यार्थियों को विभिन्न विषय जैसे – स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, बेटी बचाओ, राष्ट्रीय एकता आदि पर चित्र बनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति के माध्यम से रंग-बिरंगे एवं प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत किए।

इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम वर्क, आत्मविश्वास तथा सामाजिक संदेशों के प्रति जागरूकता का विकास हुआ। विद्यालय की दीवारें सुंदर चित्रों से सुसज्जित हो गईं, जिससे परिसर का वातावरण और अधिक प्रेरणादायक एवं आकर्षक बन गया।

अंत में प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यार्थियों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा।








# PM SHRI ACTIVITY : GO GREEN RALLY

**BY ECO CLUB**

The Eco Club of Jawahar Navodaya Vidyalaya Baloda Bazar took up an initiative to promote community-based activities in the area, taking the concern for the environment beyond the school campus. The Go Green rally was not only a school event but a noticeable, multi-dimensional appeal to the community to promote and participate in the protection and preservation of the environment.

With the determination and passion to promote their views, armed with eco-friendly banners made by the students, the students took up the challenge to discuss and promote the idea that nature, rather than being merely a backdrop to human life, is the provider of sustenance. The students' discourse highlighted, in clear terms, the life-sustaining role of trees and the need to preserve the existing greenery.

The event not only remained confined to mere advocacy, as the students took up a planting event subsequent to the rally. The planting of saplings was a methodical and individualized expression of the students' commitment to the future of the environment. The planting of a tree by an individual is a pledge to the future to improve the environment for the next generation.

Finally, to cap the day, the students reconvened to enjoy the refreshments. The event highlighted the fact that though planting a tree by an individual can make a difference, the creation of a movement requires collective effort. The Eco Club, though the event has concluded, views the creation of these new roots as an ongoing process.







# Empowering Voices:
# The Young Writer's Editorial Club



PM SHRI JNV Baloda Bazar took a significant step towards fostering literary excellence with the launch of the "Young Writer Editorial Club". From February 11th to 13th, 2026, students from Classes VI to XII engaged in an immersive workshop conducted by Shivam Dharpure from Visionary Bose private limited. The sessions were designed to transition students from passive consumers of content to active creators. The curriculum covered essential skills such as the "Show, Don't Tell" writing technique, the "Inverted Pyramid" structure of journalism, and the nuances of poetry and storytelling.





Beyond just writing, the program established a formal Editorial Board, assigning students specific roles as reporters, editors, and designers to simulate a real-world media environment. A major highlight of this initiative was the launch of the official club website, jnvbalodabazar.com, on March 26, 2026. This digital platform now serves as a global stage for our students' creativity, perfectly aligning with the PM SHRI vision of holistic and digital development.

# ACTIVITIES BEYOND THE CLASSROOM




Health Checkup Camp, 15/11/2025



Seminar on digital safety





Republic Day Celebration, 2026



Katthak Dance Practice



Musical Instrument Training





Khan Academy  activity in Computer Science & IT Department





**Career Councelling & guidance Session**




BEFORE




AFTER

**Swachhta Pakhwada**





**Art & craft Competition**






**Science Club Activity**











**Atal Tinkering Lab Project activities**






**Exposure Visit**








**Mathematics Club Activities**






**Scout and Guide**







**Training of Rashtriya Karmyogi Large Scale Jan Sewa Program 2025**

**‘Ek Ped Ma ke Nam’ activity by Eco Club**




**Soil testing field**






**Workshop-cum-Training on Soil Testing and Lab Setup**

# हर हाल में खुश रहो

एक राजा था, जो कभी प्रसन्न नहीं रहता था। उसके मंत्री और उसके परिवारजन राजा की इस दशा से बहुत चिंतित रहते थे। उन्होंने राजा को प्रसन्न रखने के लिए कई उपाय किए परन्तु राजा प्रसन्न नहीं रहता था। उन्होंने कई वैद्य और हकीमों को राजा के उपचार के लिए बुलवाया, वे भी राजा का उपचार करने में असमर्थ रहे। राजा ने यह घोषणा की थी कि जो कोई मेरे इस रोग को सही करेगा मैं उसे बहुत सारा धन दूँगा। यह सुनकर कई हकीम और वैद्य धन के लालच में आए परन्तु कोई भी राजा का उपचार नहीं कर सका।

एक दिन अचानक एक वैद्य राजा के पास आया और बोला, "आप किसी एक प्रसन्न व्यक्ति की कमीज़ पहनकर सो जाएँ जिससे आपके इस रोग का निवारण हो जाएगा।" राजा ने सभी को आदेश दिया कि किसी प्रसन्न व्यक्ति को खोजो और उसकी कमीज़ लेकर आओ।

सारे सिपाही एक प्रसन्न व्यक्ति की खोज में निकल गए पर किसी को भी राज्य में कोई प्रसन्न व्यक्ति नहीं मिला। सभी सिपाही राजा के पास खाली हाथ वापस लौट आए। राजा ने अगले दिन दोबारा सिपाहियों को भेजा।

कई दिनों तक प्रयत्न करने के बाद सिपाहियों को एक किसान अपने खेत में प्रसन्न मुद्रा में हल चलाते हुए दिखाई दिया। सिपाहियों ने उस व्यक्ति से पूछा, "क्या तुम खुश रहते हो?" उस व्यक्ति ने उत्तर दिया– "मैं बहुत प्रसन्न हूँ।" सिपाहियों ने कहा, "भाई आप अपनी कमीज़ हमें दे दो।" व्यक्ति ने पूछा, "क्यों?" सिपाहियों ने कहा, "यदि आप हमें अपनी कमीज़ दे देंगे तो आपको बहुत इनाम दिया जाएगा।" परन्तु उस किसान ने कहा, "महोदय, मेरे पास तो कमीज़ ही नहीं है, कृपया आप मुझे क्षमा करें।"

सिपाही राजा के पास लौट आए और उन्होंने राजा को इस घटना के बारे में बताया। राजा को यह आश्चर्य हुआ कि पूरे राज्य में कोई प्रसन्न नहीं है, और यदि एक व्यक्ति प्रसन्न है तो उसके पास अपनी एक कमीज़ तक नहीं है। सोच-विचारकर राजा अपने राज्य का काम-काज सँभालने लगता है। ऐसा करने से उसे बहुत खुशी मिलती है और राजा के उस रोग का उपचार हो जाता है।

राजा ने अपनी घोषणा के अनुसार वैद्य को बहुत सारा धन दिया। इस प्रकार राजा बहुत खुशी के साथ अपना कार्य सँभालने लगा।

शिक्षा: इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि जब हम दूसरों को खुश रखते हैं, तो खुद प्रसन्न (खुश) रहते हैं।

— दिशा वर्मा, VII 'A'

**नेहरू चाचा**

*फूल गुलाब का जिनकी याद*
*नेहरू चाचा ज़िन्दाबाद*
*जितने हर घर के बच्चे*
*चाचा को सब अच्छे लगते*
*भारत भर के बड़े दुलारे*
*नेहरू जी का बाल दिवस*
*हम मनाते हैं हर दिवस*

**माता-पिता**

*माता-पिता को शीश झुकाते*
*नियम बनाकर रोज़ नहाते*
*हँसते-हँसते पढ़ने जाते*
*नहीं पढ़ाई से घबराते*
*पढ़-लिखकर सीधे घर आते*
*वे अच्छे बच्चे कहलाते*

**प्रार्थना**

*हे भगवान दो वरदान*
*पढ़ूँ-लिखूँ और पाऊँ ज्ञान*
*जग में सबकी सेवा करके*
*बन जाऊँ मैं अच्छा इंसान*

**व्यर्थ**

*व्यर्थ होना, ज़्यादा सोना*
*ऐसा करके समय न खोना*
*पढ़ना-लिखना अच्छा काम*
*इससे होता अपना नाम*

**रागिनी साहू VII 'A'**

## आपदा में अवसर

जीवन की सूनी राहों पर, चल जा रहे थे हम सब।
द्रुत गति से मंज़िल की ओर, पाँखें बन उड़ रहे थे फर-फर।
सुखमय जीवन, न कोई रोना,
फिर आ गया अज्ञात कोरोना।
घर पर रहना, दूर से कहना,
बिना मास्क के तुम मत रहना।
अज्ञान के बादल नभ पर छाए,
तिमिर बन के जग को डराए।
किसी ने की जब 'मन की बात',
शिक्षा का हो गया प्रभात।
फिर प्रभात किरण-सी शिक्षा आई,
तकनीकी को साथ में लाई।
अज्ञान कुहासा छँट गया झट से,
फिर अंधकार में हम न भटकें।
शिक्षा को मिल गया महामृत्युंजय,
घर बैठे हम बन गए संजय।
गाँठ बाँधो तुम याद ये रख लो,
आपदा को अवसर में बदलो।

**तनिष्का सेठ 10वीं**

## अंग्रेजी प्रेम

अब सब पर अंग्रेजी का भूत चढ़ा है,
घर-घर इसका प्रचार बढ़ा है।
'हेलो-हाय' का प्रसार बढ़ा है,
नमस्कार बेचारा हताश पड़ा है।
कभी कृष्ण, कभी राम हुए,
अब डिस्को ही भगवान हुए।
दूध-दही से टूटा नाता,
केक-कॉफी से दिल लग जाता।
अब दाल-भात से बचते हैं सब,
पिज़्ज़ा, केक, पेटिस और हॉट-डॉग ही चखते हैं सब।
गीता-भजन अब समझ न आवे,
माइकल जैक्सन, हनी सिंह सबको भावे।
माता-पिता, चाचा-चाची गायब हो गए,
उनके बदले मम्मी, डैडी, अंकल और आंटी आ गए।
भारत में अब मित्र नहीं, 'फ्रेंड' हो गए,
पिताजी जीते-जी 'डैड' हो गए।
अंग्रेज चले गए, पर अंग्रेजी का भूत नहीं गया,
न जाने भारतवासियों को यह क्या हो गया।
अंग्रेजी की आई बहार,
हिंदी और संस्कृत पर हुआ प्रहार।
इसलिए 'हेलो-हाय' छोड़ो और 'जय श्री कृष्णा' बोलो।

**राजेंद्र सिका ग्रंथपाल**

## A Step Towards My Dream

I may be small, but my dreams are high.
I'll touch the stars, beyond the sky.
With books and words, I'll learn to grow.
Step by step, I'll make it so.

My heart is strong, my mind is free,
The world is waiting just for me.
I make mistakes, but I won't fall,
I'll rise again, I'll stand up tall.

Each word I learn, each line I write,
Will make my future, big and bright.
No fear, no doubt—just let it be,
Because I believe in honest me.

One day I'll shine, the world will see,
A star was born, and that star is me!

*- Prince Barman, XI Arts*

## My Way

Jump in my Lamborghini,
Let's take a ride.
Put a hop on the cop,
Don't care, it's a chance.

Let me roam all the city,
Not a shop for the spare.
It's a royal life,
That's the craze that it made.

Just pop in like Rambo,
Grabbin' like Lambo.
Neck shine, hand shine,
Whole body like a—
Glow, glow.

Spark in my way,
Not the way that I made.
I just live what I am,
Not the s*** that you made.

*-Chirasvi, IX*

# जेम्स, जेमी और मॉम

स्विट्ज़रलैंड में जेम्स नाम का एक बच्चा रहता था। उसके पिता गैराज में काम करते थे, उसकी माँ घर में पूजा-पाठ करती थी और घर के काम करती थीं। उसका एक बडा भाई था, जिनका नाम जेमी था। उसके भाई और उसके दोस्त दिन भर शहर में आवारागर्दी करते थे। उन्हें भूतों पर विश्वास नहीं था।

एक सुबह उसके पिता बाइक से अपने गैराज की तरफ जा रहे थे, तब एक व्यक्ति सड़क पर खड़ा था और लोगों से रुकने के लिए बोल रहा था। उसे देखकर जेम्स के पिता उस व्यक्ति के पास जाकर रुके और उन्होंने उससे पूछा, "सर आप यहाँ पर क्यों खड़े हैं?" तब उस व्यक्ति ने जेम्स के पिता से कहा, "मेरा भाई सड़क के दूसरी तरफ बेहोश पड़ा है, कृपया मेरे भाई को अस्पताल पहुँचाने में मेरी मदद करें।"

यह बात सुनकर जेम्स के पिता ने बाइक को वहीं पर खड़ा कर उस व्यक्ति के पीछे गए। तब वहाँ पर कुछ व्यक्ति और गुंडे आ गए। उन्होंने जेम्स के पिता को पेड़ से बाँध दिया और उनसे उनका सामान छीनने लगे। तब जेम्स के पिता ने उनसे कहा, "बचाओ! मुझे इन लोगों से बचाओ! तुम लोगों ने मुझे क्यों पकड़ रखा है?" लेकिन उन लोगों ने जेम्स के पिता के सारे सामान को छीन लिया और उनका गला काटकर भाग गए।

जब रात को जेम्स और जेमी उनके पिता का इन्तेजार कर रहे थे तो उनकी मॉम ने कहा— "जेम्स, तुम्हारे पिता तो शाम के समय ही आ जाते थे, आज उन्हें इतना समय कैसे हो गया? कहीं उन्होंने पैसों की लालच में कहीं समय तो नहीं कर दिया है या उन्हें कुछ हो तो नहीं गया?" वे सोचते-सोचते सब सो गए।

सुबह उठकर वे पुलिस के पास गए और फिर वे गैराज के रास्ते की तरफ गए तो उन्हें जेम्स के पिता की लाश पेड़ से बँधी हुई मिली। उन्होंने रोते हुए ही लाश का अंतिम संस्कार किया। पूरा परिवार सदमे में था।

कुछ दिनों बाद जेमी अपने दोस्तों के साथ रात को घूम रहा था। उनमें से एक दोस्त ने कहा, "वहाँ पर जो तुम्हें पुराना होटल दिख रहा है, उसके 3rd फ्लोर पर छह साल पहले एक व्यक्ति का खून हुआ था। लोग मानते हैं कि उस कमरे में अभी भी उसकी आत्मा कैद है और जो भी उस कमरे में जाता है वह वापस नहीं आ पाता है।" तब उसके दोस्तों ने उसका मज़ाक उड़ाते हुए कहा, "भूत नामक कोई चीज़ नहीं होती, तुम हम लोगों को बेकार में झूठी बातें बता रहे हो।"

"अगर तुम्हें इतना ही विश्वास है, तो हम उस होटल के 3rd फ्लोर पर जाएँगे और तुम्हारी बातों में कितनी सच्चाई है देखेंगे।" सब दोस्तों ने तय किया कि वे सब होटल के अंदर जाएँगे। जब जेमी ने उस होटल का दरवाज़ा खोला, तब दरवाज़े की डरावनी आवाज़ आई। अंदर चारों ओर अंधेरा था, खिड़कियों के काँच फूटे हुए थे, चारों ओर चूहे दौड़ रहे थे। उन लोगों की रूह काँप गई, तब भी उन लोगों ने हिम्मत करके जाने की सोची।

तब सब लोग सीढ़ियों के ऊपर चढ़ने लगे। तभी हल्की-हल्की आवाज़ दरवाज़ों से आई, वे लोग सहम से गए। तभी उनके ऊपर से चमगादड़ों का झुंड गया, तब उनमें से दो लोगों ने भागने की कोशिश की। अचानक से दरवाज़ा बंद हो गया और उन लोगों को डरावनी हँसी सुनाई दी। उन लोगों ने दरवाज़ा खोलने की कोशिश की, पर दरवाज़ा मानो दीवार बन गया हो।

तभी जेमी के कंधे पर किसी ने हाथ रखा, वहाँ पर कोई नहीं था। जब उसने वापस मुड़कर देखा उसके सामने एक लंबा-चौड़ा आदमी खड़ा था, उसकी आँखें लाल थीं और उसका शरीर नीला। अचानक से चारों तरफ अंधेरा छा गया। फिर से डरावनी हँसी की आवाज़ सुनाई पड़ी, सभी लोग डर से काँप रहे थे, जेमी बेहोश हो गया।

सुबह हो चुकी थी, दरवाज़ा भयानक आवाज़ से खुलता है। सभी दोस्त जेमी को लेकर बाहर भागते हैं। जेमी की आँखें अपने घर में खुलती हैं। जेमी अचानक उठकर देखता है कि वह घर में है, तभी उसकी मॉम उससे कहती है कि जल्दी से जाकर ब्रश कर लो। यह सुनकर डरा हुआ जेमी आईने के पास गया। उसे शीशे में एक नीला आदमी दिखाई दिया। अचानक से वह फिर से बेहोश हो गया।

– मनीष मनहर, VII 'B'

# जीवन

वास्तविकता के साथ जागो।
यह शापित दुनिया ऐसी नहीं चलती,
जैसा तुम चाहो।

जितना तुम जिओगे,
उतना तुम्हें अनुभव होगा।
कि असली जीवन,
दुःख- दर्द व मायूसी से भरा होगा।

यदि तुम्हें इस जीवन में,
आगे बढ़ना होगा।
तो अनुभव के साथ,
उस रोशनी को ढूँढना होगा।

जहाँ तुम जाओगे,
वह अंधकार से भरा होगा।
तुम्हें चुनौतियों का सामना कर,
सदैव आगे बढ़ना होगा।

-अमन नेताम, X

# कुछ आस

इन कदमों से कुछ राह ढूँढ,
इस दुनिया में जान ढूँढ,
राह के पीछे कुछ बात ढूँढ,
उस जान में भी कुछ आस ढूँढ।

कभी कर रहे उस पर काम थे,
कभी होते नाकाम थे,
कभी किसी आस से,
कभी किसी के कहने मात्र से।

फिर कदमों से राह ढूँढ,
फिर आँखों से काम ढूँढ।
फिर निराशा हाथ आती हमको,
फिर कोई एक आस जगाती हमको-
फिर कुछ करने को,
यूँ कर गुज़रने को,
हासिल उसको करने को,
यूँ उस पर मरने को।

मेहनत किया है ,मेहनत कर,
कुछ रंग बहार लाएगी;
तुझे क़ाबिल बनाएगी....

— लवकुमार पटेल, XI B

# *What We Cannot Hold*


What we cannot hold,
holds a special place
in our hearts.

It's the hand of someone
whose heart is the earth
and whose wavy hair is the ocean.
They carry all the love of the world within
them but none for you.

It's the lap of your grandmother
you can no longer sleep in
because she slept so peacefully;
it still breaks your heart.

It's your school
that shut down after you graduated.
By the time you heard the news,
they had already destroyed your classroom.

*-Ranjana Paikara, VI 'B'*




Dharna Dadsena 8th A

# बेटियाँ

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
भारत को सर्वश्रेष्ठ देश बनाओ
बेटियों का सम्मान करो
बेटियों का मान करो

लक्ष्मी होती हैं बेटियाँ
स्वयं वास करती हैं सरस्वती उनमें
बेटियों को न रुलाओ
बेटियों को आगे बढ़ाओ

जितने भी अत्याचार हुए हैं बेटियों पर
उनके विरुद्ध खड़े हो जाओ
डॉ. मोमिता जैसी बेटियों को
इंसाफ दिलाओ

समाज में बेटे-बेटियों के बीच का
भेदभाव हटाओ
बेटियों को सम्मान दिलाओ
बेटों के समान लाओ

बेटियों के पैरों में ज़ंजीर न बाँधो
उड़ने दो उन्हें मुक्त गगन में
छूने दो उन्हें ऊँचाइयों को

बेटियों को पढ़ने दो
बेटियों को आगे बढ़ने दो
देश का भविष्य बनने दो

- तमन्ना नायक, VII 'B'

# मैं इतनी कैसे बदल गई?

झगड़ा करते-करते कैसे लगाव हो गया,
समय बीतता गया पर याद रह गया।
उसकी सच्ची बातें भी मुझे कड़वी लगने लगीं,
वो मुझसे हमेशा सच कहती रही,
मैं ना चाहकर भी उससे दूर होने लगी।

पता नहीं हमारी बातें कब कम,
और दूरियाँ बढ़ने लगीं,
कुछ लोगों की बातों से मैं,
इतनी कैसे बदलने लगी?

-आकांक्षा देवांगन, XI 'B'

# आकांक्षा

आकांक्षा नहीं सिर्फ एक चाह है,
यह भीतर की उस अनकही आवाज़ की राह है।

कोई मंज़िल नहीं, कोई आखिरी ठिकाना नहीं,
बस निरंतर बहती हुई एक धुन है, एक ज़माना नहीं।

यह वो सुकून नहीं जो मिल जाए कहीं,
यह वो ज्वाला है जो मन के भीतर जलती है कहीं।

आकांक्षा है अनंत की खोज,
हर टूटे सपने में फिर से उभरती रोशनी की खोज।

ना थमती, ना थकती, सिर्फ बढ़ती जाती,
ये नहीं खत्म होती, बस नयी कहानी लिखती जाती...

आकांक्षा देवांगन, XI'B'

# कर्तव्य

जन्म लिया हूँ इस दुनिया में,
कुछ करने के लिए।
अपने सारे कर्तव्यों का पालन करने के लिए।

कुछ करना है मुझे,
अपनी ज़िन्दगी को सँवारने के लिए।

जन्म लिया है इस दुनिया में,
कुछ करने के लिए।

ज़िम्मेदारी है मुझ पर,
उस ज़िम्मेदारी को मुझे उठाना है।

कभी खुशी और कभी गम है ज़िन्दगी में।
फिर भी कुछ करना है,
अपने सारे कर्तव्यों का पालन करना है।

माधवी बंजारे, XII 'B'

# सूनापन

ऐसा तो नहीं है, कि कोई गम है ज़िंदगी में
फिर भी! ऐसा लगता है, कि कुछ कम है ज़िंदगी में।
इस पल में तसल्ली भी है, और सब्र भी
कुछ दोस्तों के होने का शुक्र भी!

पर कहीं ना कहीं,
इस तसल्ली के पीछे छिपी
आने वाले कल की भी फ़िक्र है।
कुछ सपने हैं जो पूरे करने हैं,
कुछ मुश्किल फैसले,
जो खुद के खातिर खुद से करने हैं।

कुछ लड़ाइयाँ ऐसी हैं,
जो दुनिया से लड़नी हैं।
किसी और के लिए नहीं,
कुछ खुद अपने लिए लड़नी हैं।

कुछ बेचैनियाँ, जो शब्दों में कर नहीं पाते ज़ाहिर
पर खैर...
ऐसा तो नहीं है कि कोई गम है
फिर भी लगता है कि, कुछ तो कम है।

-शिवम वर्मा, XII A (Sci)

# छत्तीसगढ़ की भूमि

घूमने को बस्तर,गाड़ी है डस्टर
छत्तीसगढ़ का नजारा, लोगों को बहुत प्यारा

मैनपाट की हवा, लोगों के लिए दवा
उल्टा बहता पानी, देख लोगों को याद आई नानी

कोयले की खदान, बिजली के लिए समाधान
कोरबा है बड़ा प्यारा, संसाधन से संपूर्ण है सारा

मिनी-मुंबई है रायपुर, यहां से नहीं है ज्यादा दूर
रायपुर है छत्तीसगढ़ की राजधानी,
छत्तीसगढ़ में बहता है महानदी जैसा पानी

शिवरीनारायण में रहती थी शबरी,
लगी थी वहां राम की डगरी
लगता है वहां हर साल मेला,
मिनी गोवा कहलाता है अकेला

बिलासपुर का कान्न- पेडारी,
लोगों के लिए सुविधाएं सारी
बिलासपुर में है रेलवे स्टेशन,
रिटायर्ड अफसरों को मिलती है पेंशन

बलौदाबाजार में, सीमेंट फैक्ट्री की भरमार
लगता यहां बाजार, बनता है अचार

छत्तीसगढ़ माता है महान, सुविधा का है यहां भरमान
कहते हैं धान का कटोरा, बनता है यहां रोटी अंगोरा

अक्षांश कश्यप, VIII

## मंज़िल

मंज़िलें उसी को मिलती हैं, जो ठान लेते हैं,
कभी भी रास्ते नहीं बदलते, जो चलते रहते हैं।
वह मंज़िल क्या जो हमें सुकून से मिल जाए,
जो रास्ते के काँटे न चुनें, वह क्या रास्ता होगा?
हर मुश्किल को अपना दोस्त बना लो,
मंज़िलें ख़ुद-ब-ख़ुद क़दमों में आ जाएँगी।

-छनक नायक VII 'B'

## सूरज की किरणें

"सूरज की किरणों से रोशन होती सुबह,
नई आशाओं और उम्मीदों का देती संदेश।
मनुष्य की राह में कई अड़चनें हैं आतीं,
परंतु उसे कभी हार नहीं माननी चाहिए।
जीवन में संघर्ष हमेशा है रहता,
लेकिन यह मज़बूत है हमें बनाता।
जो लोग निरंतर करते हैं मेहनत,
वही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।
सपने देखो, और उन सपनों को पूरा करने के लिए
कठिन मेहनत करो।
समय चाहे जैसा हो, अगर विश्वास है मज़बूत,
तो कोई भी मुश्किल लक्ष्य से हटा नहीं सकती।
ऊँचाइयाँ पाने से कभी डरा नहीं सकती।"

-छनक नायक VII 'B'

## नवोदयन

अपनी यहाँ थोड़ी अलग कहानी बनती है
पूछो क्यों...?
घर से दूर रहना और हमारी
भाषा में इसे "सेंट्रल जेल" कहना।

छोटी-छोटी बातों पर नाराज़ होना,
पर उस नाराज़गी पर भी अपना
प्यार अपने दोस्तों के लिए दिखाना।

सबको उनके दिए गए नामों से चिढ़ाना,
फिर एक-दूसरे को गले लगाना।
मज़ाक पर हल्की नोक-झोंक
को किसी कहानी की तरह भूल जाना।

यहाँ से छुट्टियों पर जाकर
अपने आप को किसी के पूछने में
"नवोदयन" बताना।
सबसे अलग अपना रुतबा जताना।

सुबह की नवयुग की शुरुआत से हम ही,
नवोदय हो पर अपना नाम कर जाना।

सेवार्थ आइए और शिक्षार्थ जाइए पर
अपना भविष्य साझा करना।
यहाँ से दूर रहने पर भी,
सिर्फ "नवोदयन" कहलाना।

अपनी संस्कृति और भाषाओं को
सब तक पहुँचाना।
लाल, हरा, नीला, पीला अपने
सदनों में ही सबसे अलग दिख जाना।

बड़ों का आशीर्वाद लेकर
नवोदय को अपना
भविष्य का एक लक्ष्य बनाना।
हर दिन नई गतिविधियों से
कुछ नया-नया सीख पाना।

यहाँ सात साल की ज़िंदगी भी
हमारे लिए कम पड़ जाना।

जाते-जाते कुछ पल यहाँ छोड़ जाना।
हम नवोदयनों की भाषा में
अपनी आधी ज़िंदगी इस जेल में बिताना।
तभी तो नवोदयन होकर,
अपना अलग रुतबा जताना।

गुंजन रवटे, XII 'B'

## मेरा विध्यालय

जन-जन के मन में है जैसी, इस विद्यालय से आस।
वास्तव में मिलता है यहाँ, वैसा ही ज्ञान का प्रकाश।।
हर एक कौशल का यहाँ, होता है खूब निखार।
रब का करती हूँ सदा, धन्यवाद मैं बारंबार।।

नव निर्माण में लगे हैं यहाँ, सब छोटे-बड़े अधिकारी।
वो अपना सब कुछ छोड़कर भी, रखते हैं ध्यान हमारा।।
दल में रहना हम सबको, एक सामूहिक जीवन सिखाता है।
यहाँ का प्रत्येक आचरण, कई नई सीखें दे जाता है।।

विश्व बंधुत्व का भाव भरा, यहाँ सभी एक समान हैं।
द्वार खुला है सबके लिये, यहाँ कोई छोटा न कोई महान है।।

यादगार होता है हर पल, यहाँ सब मिलकर एक परिवार हैं।
लगता ही नहीं एक क्षण भी कभी, होता यहाँ बेकार है।।
यहाँ की तो हर बात निराली, अनोखा हर काम है।
लक्ष्य से ही सधे हुए, होते हर एक अंजाम हैं।।

वन्दनीय है हर शिक्षक, और हर एक अधिकारी है।
नमन सभी को जो समर्पित, यहाँ कार्यरत कर्मचारी हैं।।

-सुष्मिता आदित्य, VIII

## हैं हर दिन नयी सुबह

हैं हर दिन नयी सुबह,
खिलखिलाती धूप और जगमगाता आसमाँ।
रोशन है ये समा,
है ज़िंदगी उमंग भरी,
इन चाहतों की दौड़ में,
मैं तो आगे बढ़ी।

रंगों की छाँव में भीगा हुआ है ये जहाँ।
है खिलखिलाती धूप, और जगमगाता आसमाँ।
है कर्म ही पूजा यहाँ,
करो कुछ महानता।
आगे बढ़ो, बढ़ते चलो।

हैं हर दिन नयी सुबह,
खिलखिलाती धूप और
जगमगाता आसमाँ।
इन सपनों की राह में, मैंने गगन छुआ।

-विध्या देवांगन, XI 'A'

## वफादार रहना

तुम इश्क़ तो करो, मैं निभा न पाऊं,
तो कहना
मंजिल तक चलूँगा, बीच में छोड़ जाऊं,
तो कहना
खुद से ज्यादा तुम पे भरोसा करता हूँ,
अगर धोखा दे जाऊं,
तो कहना
बदले में बस मैं इतना चाहता हूँ,
कि मैं वफादार हूँ।
तुम मेरे लिए, वफादार रहना !!

-अविनाश जांगडे, X

## आदत

खास को देखना व मुस्कुराना, हमारी आदत है।
नज़रें मिलाना, फिर हटाना, हमारी आदत है।
खास के देखने व मुस्कुराहट को कुछ समझना,
हमारी आदत है।
खास का देखना, नज़रें मिलाना व मुस्कुराना
क्या खास की आदत है?
आदत हो तो आदत रखो,नज़रें मिलाओ,
फिर मुस्कुराओ, कहना न कुछ
फिर चले जाओ.......

— लवकुमार पटेल, XI 'B'

# QUIZ TIME

Q1. Which city/district is known as the "Cement Hub" of Chhattisgarh?
A) Raipur B) Bilaspur C) Baloda Bazar D) Korba

Q2. Girodhpuri Dham in Baloda Bazar is the birthplace of which influential social reformer?
A) Swami Vivekananda B) Baba Guru Ghasidas
C) Sant Kabir Das D) Vallabhacharya

Q4. Chhattisgarh was carved out of which Indian state on November 1, 2000?
A) Uttar Pradesh B) Bihar C) Odisha D) Madhya Pradesh

Q5. Which wildlife sanctuary is located in the Baloda Bazar-Bhatapara district and is known for its diverse flora and fauna?
A) Achanakmar Wildlife Sanctuary B) Barnawapara Wildlife Sanctuary
C) Sitanadi Wildlife Sanctuary D) Udanti Wildlife Sanctuary

Q6. What is the official state animal of Chhattisgarh?
A) Royal Bengal Tiger B) Wild Water Buffalo (Van Bhainsa)
C) Indian Elephant D) Barasingha

Q7. Baloda Bazar was formerly a part of which administrative district before being established as a separate district in 2012?
A) Durg B) Mahasamund C) Raipur ) Janjgir-Champa

Answer :
1. C 2. B
3. B 4. D
5. B 6. B
7. C


# Canvas Chronicles




*Artwork By:- Hanan Dewangan 7th A*



Tania Seth $6^{th}$ A



Mandakni Patel $7^{th}$ A





Bharat Jaiswal $10^{th}$




Mayak Sahu 10th



Tarun Dhruv 10th



Kavya & Muskan, 9th



Ekta Patel 6th A

# Word Search

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| N | G | H | Z | X | A | L | L | E | N | A | O |
| E | H | M | O | O | N | K | N | I | G | H | T |
| B | O | S | U | P | E | R | M | A | N | R | O |
| U | S | P | S | B | T | N | E | I | K | F | D |
| L | T | I | Z | M | C | H | A | E | B | L | O |
| L | R | D | O | A | R | L | A | D | E | A | O |
| A | I | E | L | H | N | D | Y | N | M | S | R |
| D | D | R | N | U | M | K | G | U | O | H | M |
| T | E | M | A | L | I | I | A | A | A | S | A |
| A | R | A | A | K | R | R | M | A | L | B | M |
| M | A | N | O | H | E | S | O | L | E | G | U |
| G | A | L | A | C | T | S | O | N | M | N | O |
| K | X | E | H | U | H | Q | R | A | M | D | N |
| K | C | R | E | K | O | J | A | K | N | A | A |
| D | R | A | X | U | R | P | T | L | O | R | N |

- IRONMAN
- THOR
- GALACTOS
- MOONKNIGHT
- THANOS
- SUPERMAN
- DOORMAMU
- JOKER
- GAMOORA
- DRAX
- LOKI
- NEBULLA
- SPIDERMAN
- FLASH
- GHOSTRIDER

Lakshya Verma, Akshansh Kashyap, 8th A



Tania Seth 6th A




Riya Dewangan 7th B




Hanan Dewangan 7th A



Ayushi Ghritlahre 7th B



Gunjan Verma 7th A



Lekha Nishad 6th A




Priyanshi Paikara 6th B



Tamanna Nayak 7th B



Varsha Sahu 7th B



Ghanshree Bhoi 7th A



Kanak Yadav 6th A





Devika Verma 8th A




Pranjal C. Paiakra, 8th B




Kunal Sahu 7th A



Devika Verma 8th A





Suyash







Shreya Verma 12th




Muskan Diwan 9th



Muskan Diwan 9th



Yamini Baghel 11th Sci.



Kavya Dewangan 9th



Chhanak Nayak 7th B



SHRISHTI SAHU 10th



Isha Manhar 6th A



Kavya Dewangan 9th

# GAMES

Magic square:
A magic square is a grid of numbers where the values in each of the rows, columns and diagonals adds up to the same sum, known as the "magic number."
Use your math skills to fill in each of these magic squares.


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 69 | | 81 | 24 | 21 |
| | 66 | 84 | 78 | 15 | |
| 3 | 9 | 60 | | | |
| 12 | 6 | | 54 | 108 | |
| 87 | | 27 | 33 | | |
| | 90 | 36 | 30 | 39 | 42 |

The magic number is 333.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 102 | | | 48 | 90 |
| 138 | | 42 | | |
| 24 | | | 120 | 132 |
| | | | 126 | 18 |
| 66 | 108 | 150 | | 54 |

The magic number is 390.

## SPOT 10 DIFFERENCES



# SUDOKU

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 6 | 4 | | | |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | | | |
| | 9 | | | 3 | | 6 | 8 | |
| 8 | | | | 5 | 6 | 4 | 7 | |
| | | 2 | 3 | | | 8 | | |
| | 5 | 4 | | | | | 2 | |
| 9 | 3 | 1 | | | 7 | 5 | 6 | |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 4 | 2 |
| | | 5 | | | 3 | | 9 | |

01

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | | | 6 | 2 | | 3 | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 1 | | 4 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | 2 | | 8 | |
| 4 | 3 | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 7 | 4 | | | |
| 3 | | 4 | | 6 | | 5 | | 8 |
| | 2 | | | | 5 | | | |

02

## How to Play?

**Fill a 9x9 grid so every row, column, and box contains the numbers 1 through 9 exactly once.**

**Solution**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 |

01

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 7 | 6 | 4 |

02

**DID YOU KNOW?**

Sudoku, despite its Japanese name meaning "single number," was invented by American architect Howard Garns in 1979 as "Number Place". This addictive, logic-based puzzle boasts 6.6 sextillion possible valid 9x9 grids, yet always requires a minimum of 17 clues for a unique solution.




1. सूर्योदय नवोदय का प्रतीक है।
Sunrise symbolises Navodaya.

2. दो(श्याम) मस्तिष्क नवोद्य विद्यालय समिति द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा का प्रतीक हैं।
Two (Black) heads are the symbol of Navodaya Vidyalaya Samiti giving protection to.

3. तीन(श्वेत) मस्तिष्क नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रतीक हैं।
Three (White) heads which symbolise students of Navodaya Vidyalayas.

4. किताब, दूरदर्शन, कम्प्यूटर आदि उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के साधनों को दर्शाते हैं।
Book, T.V., Computer etc. indicate the means for excellence in modern Education.

5. पौधे एवं पंक्तियां ग्रामीण पृष्ठभूमि को दर्शाते हैं।
Plants and Lines represent Rural Background.

6. अनाज की फलियां राष्ट्रीय एकता एवं शान्ति का प्रतीक हैं।
Corn-locks symbolise National Integration & Peace.

7. उद्देश्य : उत्कृष्ट ज्ञान सर्वोपरि है।
Motto : Intelligence is divine.

"शिक्षार्थ आइए, सेवार्थ जाइए"

**“Come to Learn, Go to Serve”**





## JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA

**LAWAN, DISTRICT BALODA BAZAR, CHHATTISGARH- 493526**

**CBSE Affiliation No : 3340022**

**Phone : 07728296669, Email : jnvbalodabazarbhatapara@gmail.com**